

# UNIVERSITY NEWS 24 DECEMBER 2025

## I NEXT

# छह से एलएलबी एलएलएम प्रथम सेमेस्टर परीक्षाएं

**LUCKNOW (23 Dec):** लखनऊ विश्वविद्यालय ने एलएलबी सहित 13 पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर परीक्षाओं की समय सारिणी मंगलवार को जारी कर दी है. छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ के माध्यम से डाउनलोड कर सकते हैं. विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी की ओर से जारी समय सारिणी के अनुसार एलएलबी तीन वर्षीय प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं सात से 19 जनवरी, एलएलबी (इंटीग्रेटेड) प्रथम सेमेस्टर रेगुलर न्यू कोर्स और एलएलएम (सीबीसीएस) पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं छह से 17 जनवरी तक संचालित होंगी. इसी तरह, बी.एससी होम साइंस प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं छह से 14 जनवरी, बीएजेएमसी प्रथम सेमेस्टर की 10 से 21 जनवरी, एम.एससी केमिस्ट्री प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं नौ से 19 जनवरी, एमए होम साइंस प्रथम सेमेस्टर की आठ से 19 जनवरी, एमएजेएमसी प्रथम सेमेस्टर की आठ से 17 जनवरी तक होंगी.

## HINDUSTAN

# एलयू में अटल संगम का आयोजन हुआ

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में अटल बिहारी के जन्म शताब्दी वर्ष के तहत स्कॉलेस इंटरनेशनल फोरम, कमला शिक्षण सेवा संस्थान, राष्ट्र धर्म व काव्योम फाउंडेशन की ओर से अटल सांस्कृतिक संगम हुआ।

उद्घाटन महंत सिद्धपीठ श्री हनुमान्निवास अयोध्या धाम के आचार्य मिथिलेश नंदिनीशरण ने किया।

# एलयू में अब 26 तक समर्थ से भरे जाएंगे परीक्षा फॉर्म

**लखनऊ, संवाददाता।** लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2025-26 विषम सेमेस्टर परीक्षा के तहत स्नातक-परास्नातक पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। नियमित विद्यार्थी यह फॉर्म समर्थ पोर्टल के माध्यम से अब 26 दिसंबर तक भर सकेंगे। इस संबंध में परीक्षा नियंत्रक की ओर से निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि विश्वविद्यालय में प्रवेशित छात्र या छात्रा प्राप्त एनरोलमेन्ट के आधार पर अपना लॉगिन बनाकर परीक्षाफार्म भरने की प्रक्रिया पूर्ण करेंगे। ऑनलाइन भरे गए परीक्षाफार्म का प्रिन्ट संबंधित संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष या निदेशक कार्यालय में जमा करेंगे। परिसर के छात्रों को परीक्षा शुल्क नहीं जमा करना होगा। अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट देख सकते हैं।

### समस्या आने पर कॉल करें

छात्र ऑनलाइन भरे गए परीक्षा फार्म में किसी समस्या के लिए व्हाट्सएप नंबर 7991200609, 7991200506 पर शिकायत कर सकते हैं। साथ ही ई-मेल का भी विकल्प दिया गया है।

## AMAR UJALA

# बायोमीट्रिक उपस्थिति में आई थोड़ी तेजी

**लखनऊ।** लविवि में छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करने वाले विद्यार्थियों की बायोमीट्रिक उपस्थिति दर्ज कराने की प्रक्रिया में मंगलवार को पहले से तेजी देखने को मिली। उपस्थिति दर्ज कराने वाले कर्मचारियों ने बताया कि अब चार से पांच मिनट का वक्त प्रति विद्यार्थी लग रहा है लेकिन इससे भी कम समय लगना चाहिए। (संवाद)

# लविवि : अब 26 तक भरें परीक्षा फॉर्म

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने संबद्ध महाविद्यालयों में पढ़ने वाले स्नातक प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को परीक्षा फॉर्म भरने का मौका दिया है। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि मंगलवार को समीक्षा के बाद कुलपति के निर्देश पर 26 दिसंबर तक परीक्षा फॉर्म भरने का मौका दिया है। इसके बाद भी जो विद्यार्थी परीक्षा फॉर्म नहीं भरते हैं उन्हें ड्रापआउट सूची में रखते हुए फॉर्म भरने का विकल्प समाप्त कर दिया जाएगा। इससे पहले अंतिम तिथि 23 दिसंबर थी। दूसरी ओर 3500 करीब ऐसे विद्यार्थी हैं जो प्रवेश लेने के बाद भी न तो पढ़ाई करने आ रहे हैं न ही उन्होंने कॉलेजों में उपस्थिति दी है। इन्हें ड्रापआउट श्रेणी में रखा गया है। वहीं, मंगलवार को स्नातक के 3000 विद्यार्थियों के परीक्षा फॉर्म की त्रुटियों में सुधार किया गया। (संवाद)

## DAINIK JAGRAN

# लवि में छह से होंगी सेमेस्टर परीक्षाएं

जागरण संवाददाता • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने एलएलबी सहित 13 पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर परीक्षाओं की समय सारिणी मंगलवार को जारी कर दी है। छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ से डाउनलोड कर सकते हैं।

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी की ओर से जारी समय सारिणी के अनुसार एलएलबी तीन वर्षीय प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं सात से 19 जनवरी, एलएलबी (इंटीग्रेटेड) प्रथम सेमेस्टर रेगुलर न्यू कोर्स और एलएलएम (सीबीसीएस) पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं छह से 17 जनवरी तक संचालित होंगी। बी.एससी होम साइंस प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं छह से 14 जनवरी, बीएजेएमसी प्रथम सेमेस्टर की 10 से 21 जनवरी, एम.एससी केमिस्ट्री प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं नौ से 19 जनवरी, एमए होम साइंस प्रथम सेमेस्टर की आठ से 19 जनवरी, एमएजेएमसी प्रथम सेमेस्टर की आठ से 17 जनवरी तक होंगी। एडवांस डिप्लोमा इन क्लिनिकल न्यूट्रिशन एंड डाइटेटिक्स प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा आठ से 14 जनवरी तक आयोजित होंगी।

## AMRIT VICHAR

# रज़ा नैयर की कृति का आज होगा लोकार्पण

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग में प्रोफेसर अब्बास रज़ा नैयर की नवीन पुस्तक आबिद हुसैन हैदरी के तहक़ीक़ी व तन्क़ीदी मबाहिस का लोकार्पण आज किया जाएगा। यह कृति उर्दू के वरिष्ठ आलोचक प्रो. आबिद हुसैन हैदरी के व्यक्तित्व, शोध दृष्टि और साहित्यिक योगदान पर केंद्रित है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. मनुका खन्ना करेंगी। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अम्मार रिज़वी (पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश) एवं प्रो. अरविंद मोहन (अधिष्ठाता, कला संकाय) उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर कैफ़ जलालपुरी पुरस्कार-2025 से प्रो. आबिद हुसैन हैदरी को सम्मानित किया जाएगा।

# लविवि में परीक्षाओं की तिथियां घोषित

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने ऑड सेमेस्टर परीक्षाओं की तिथियां घोषित कर दी है। जिसमें मास्टर ऑफ हेल्थ की परीक्षाएं 6 जनवरी से 15 तक एडवांस डिप्लोमा इन क्लीनिकल न्यूट्रिशन की परीक्षाएं 8 से 14 जनवरी तक, एमए, एमएससी योग सेमेस्टर एक की परीक्षाएं 8 से 19 जनवरी तक, पीजी डिप्लोमा योग सेमेस्टर तीन की परीक्षाएं 8 से 16 तक आयोजित की गई है। लाइब्रेरी इंफार्मेशन साइंस की परीक्षाएं 8 से 21 जनवरी, मास्टर आफ लाइब्रेरी की परीक्षाएं 12 से 21 जनवरी तक होंगी। परीक्षार्थी अपने विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

# विषम सेमेस्टर परीक्षा फार्म की तिथि बढ़ी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अब छात्र-छात्राएं 26 दिसंबर तक कर सकते हैं आवेदन

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय एवं उससे संबद्ध महाविद्यालयों में अध्ययनरत स्नातक, परास्नातक और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेशित नियमित छात्र-छात्राओं के लिए राहत भरी खबर है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने दिसंबर-2025 में होने वाली विषम सेमेस्टर की नियमित परीक्षा के ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। पहले यह तिथि 23 दिसंबर निर्धारित थी, जिसे अब बढ़ाकर 26 दिसंबर कर दिया गया है। परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर Samarth Students Login के माध्यम से भरे जाएंगे।

विश्वविद्यालय में प्रवेशित छात्र अपने एनरोलमेंट नंबर के आधार पर लॉगिन बनाकर परीक्षा फार्म भरेंगे और भरे गए फार्म का प्रिंट निकालकर संबंधित संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष या निदेशक कार्यालय में जमा करेंगे। विश्वविद्यालय में प्रवेशित छात्रों को परीक्षा शुल्क जमा नहीं करना होगा। वहीं, संबद्ध महाविद्यालयों में प्रवेशित छात्रों के एनरोलमेंट नंबर महाविद्यालय के समर्थ लॉगिन पर उपलब्ध रहेंगे। छात्र परीक्षा फार्म भरने से पहले अपने महाविद्यालय से संपर्क कर एनरोलमेंट नंबर प्राप्त करेंगे। प्रथम सेमेस्टर में प्रवेशित सभी नियमित छात्रों को समर्थ पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के बाद ही परीक्षा फार्म भरना अनिवार्य होगा। परीक्षार्थियों को अपने कोर्स एवं प्रश्नपत्रों का चयन अत्यंत सावधानीपूर्वक करने के निर्देश दिए गए हैं। महाविद्यालयों में प्रवेशित छात्रों के परीक्षा फार्म, निर्धारित परीक्षा शुल्क के साथ महाविद्यालय में जमा किए जाएंगे। छात्र के ई-मेल, मोबाइल नंबर, विषय या प्रश्नपत्र में किसी प्रकार के संशोधन की सुविधा महाविद्यालय के समर्थ लॉगिन पर उपलब्ध रहेगी।

### समस्या आए तो यहां करें संपर्क

- परीक्षा फार्म से संबंधित किसी भी त्रुटि या समस्या के समाधान के लिए छात्र व्हाट्सएप नंबर 7991200609, 7991200506 अथवा मेल samarthexamlu@gmail.com पर संपर्क कर सकते हैं।